## सार-समाचार

### वरिष्ठजन सम्मान कार्यक्रम की तैयारी

**आबूरोड,** (निसं)। कुटुम्ब प्रबोधन समिति आबूरोड़ के तत्वावधान में आयोजित होने वाले 25 व 26 के कार्यक्रमों की तैयारियां पूरी हो गई है। समिति के सिरोही जालोर विभाग संयोजक अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि शहर को दो भागों में बांटा गया है। रेलवे पटरी से बाजार क्षेत्र केसरगंज से आकारभट्टा मानपुर अम्बिका कालोनी हाउसिंग बोर्ड आबकारी क्षेत्र का कार्यक्रम अग्रवाल विष्णु धर्मशाला में 25 नवम्बर से शुरू होगा। इसमें 54 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान होगा। इस क्षेत्र के लिए बृजमोहन जैसवार, संजय चतुर्वेदी, रमेश वैष्णव, अभिषेक मेरू, दिलीप सोनी, भूराराम पुरोहित, मनीष सिंघल कार्ड वितरण व सारी व्यवस्थाओ में जुटे हुए है। दूसरे कार्यक्रम 26 नवम्बर को रीको कम्यूनिटी हाल में रेलवे पटरी के पूर्वी क्षेत्र के गांधीनगर रेलवे कॉलोनी, रीको कॉलोनी, सांतपुर, नयाखेड से पूरा औद्योगिक क्षेत्र चन्द्रावती तक के क्षेत्र को लिया गया है। इसमें प्रकाश अग्रवाल, बलदेव चौधरी, प्रमोद कुमार, बलदेव कुमार, सुरेश कोठारी, ललित गोस्वामी कार्यक्रम की सफलता के लिए जूट हुए है। चतुर्वेदी ने बताया कि दोनों कार्यक्रमों में 17 माताओ बहनों को भी सम्मानित करने के लिए बुलाया गया है। दोनों कार्यक्रमों में भारत की उच्च आदर्श परिवार की परम्पराओं व वर्तमान में उसमे आरही कमियों पर विचार होगा।

### शैलजा माथुर का अभिनन्दन किया

**जालोर,** (कासं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्यम) शिवाजी नगर जालोर में वरिष्ठ अध्यापिका के पद पर कार्यरत शैलजा माथुर का राज्य स्तर पर शिक्षक सम्मान प्राप्त करने पर विद्यालय परिवार, एसडीएमसी एवं एसएमसी सदस्यों द्वारा माला, साफा पहनाकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनन्दन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी शिक्षिका के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा दो शब्द कहकर सम्मान प्रकट किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार ने शैलजा माथुर को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर कौमी एकता सप्ताह के अंतर्गत विद्यार्थियों ने सर्वधर्म प्रार्थना प्रस्तुत की तथा पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र कुमार प्रजापत ने किया। इस अवसर पर एसएमसी अध्यक्ष मनोहर लाल महेश्वरी, शारदा नाथ, एसडीएमसी सचिव पदमा नागर, सदस्य शशि प्रभा समेत विद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### सॉफ्टबॉल की ट्रायल आज

**आबूरोड,** (निसं)। सिरोही जिला सॉफ्टबॉल संघ के तत्वावधान में बुधवार को रेलवे ग्राउन्ड में सॉफ्टबॉल संघ के अध्यक्ष सुरेश कोठारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय ट्रायल होगी। सिरोही जिला सॉफ्टबॉल संघ के सचिव दीपेश अग्ररवाल ने बताया कि 25 नवंबर को सब जूनियर व सीनियर बॉयज व गर्ल्स वर्ग का ट्रायल में चार लड़के व चार लड़कियों का सब जूनियर व सीनियर में चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी 27 नवंबर को जयपुर में राष्ट्रीय ट्रायल में भाग लेंगे। वहां से चयनित खिलाडी को राजस्थान की टीम में खेलने का अवसर मिलेगा। सब जूनियर वर्ग में 1जनवरी 2006 से पूर्व जन्म तिथि वाले खिलाड़ी खेल पाएंगे। सब जूनियर की राष्ट्रीय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता मेहमदबाद गुजरात में 14 से 18 दिसंबर तक आयोजित होगी। वही सीनियर सॉफ्टबॉल चैंपियनशिप 24 दिसंबर से 28 दिसंबर के मध्य अनंतपुर उत्तर प्रदेश में होगी।

### सिलाई प्रशिक्षण का समापन

**जालोर,** (कासं)। मनस्वा संस्था कि ओर से आसन पोल के अन्दर जरूरत मंद महिलाओं के लिए सिलाई सिखाने का 15 अक्टूबर से 22 नवम्बर तक प्रशिक्षण दिया गया। जिसका बुधवार को जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि की अध्यक्षता व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अनुकृति उज्जैनिया के मुख्य आतिथ्य में प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र वितरित कर समापन किया। आसन की पोल में जन सहयोग से सिलाई मशीनें स्थापित कर 17 महिलाओं को प्रशिक्षित कर सिलाई कार्य सिखाया गया। प्रशिक्षण में नीतू जैन एवं सलमा बानो ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर भामाशाह रमेश भण्डारी, चिरंजीलाल दवे, मूलचंद अखाजी केमिस्ट के रमेश जैन, समाजसेवी छगनपुरी, नीतु जैन, उर्मिला, सिलाई प्रशिक्षक गीता सहित कई महिलाएं उपस्थित रही।

### जल संचय योजना की समीक्षा की

**रानी,** (निसं)। रानी में मंगलवार को राजीव गांधी जल संचय योजना प्रथम चरण की मासिक समीक्षा बैठक उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। उपखण्ड अधिकारी रविकांत सिंह ने सभी विभागों के उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सरकार के निर्देशों के अनुसार समस्त बचे हुए कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने बचे हुए कार्यों को शत प्रतिशत समय पर पूर्ण करने की हिदायत दी। सहायक अभियंता भू संरक्षण भागीरथ प्रजापत ने बताया कि रानी पंचायत समिति के अंतर्गत योजना के तहत 113 कार्य स्वीकृत है। जिससे सम्बंधित 8 विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। अधिकारियों ने अपने अपने विभागों से सम्बंधित कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

### पी.एन.बी.के एटीएम में आग लगी

**धोरीमन्ना,** (निसं)। कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। शाखा प्रबंधक रामावतार मीणा ने बताया कि एटीएम में आग लगने के बाद बैंक की इमरजेंसी सायरन सुनकर में स्वयं व पुलिस मौके स्थल पर पंहुचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान बिजली विभाग के लाईनमैन को सूचना देने पर भी समय पर नही पँहुचे। गनीमत ये रही कि कोई जन माल की हानि नही हुई व बैंक मैनेजर,पुलिस व स्थानीय नागरिकों की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही से बड़ी घटना होने से बच गई। बिजली विभाग की लापहरवाही इस घटनाक्रम में देखने पर मिली। एटीएम में आग लगने पर एक बार तो आस पास के लोग काफी संख्या में इक्कट्ठे हो गए थे। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### पी.एनबी एटीएम में लगी आग

**धोरीमन्ना,** (निसं)। कस्बे के पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में बुधवार सुबह करीब साढ़े सात बजे शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। शाखा प्रबंधक रामावतार मीणा ने बताया कि एटीएम में आग लगने के बाद बैंक की इमरजेंसी सायरन सुनकर में स्वयं व पुलिस मौके स्थल पर पंहुचकर आग पर काबू पाया। इस दौरान बिजली विभाग के लाईनमैन को सूचना देने पर भी समय पर नही पँहुचे। गनीमत ये रही कि कोई जन माल की हानि नही हुई व बैंक मैनेजर,पुलिस व स्थानीय नागरिकों की तत्परतापूर्वक की गई कार्यवाही से बड़ी घटना होने से बच गई। बिजली विभाग की लापहरवाही इस घटनाक्रम में देखने पर मिली। एटीएम में आग लगने पर एक बार तो आस पास के लोग काफी संख्या में इक्कट्ठे हो गए थे। आग बुझने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### चैक अनादरण के मामले में सजा दी

**बालोतरा,** (निसं)। चैक अनादरण के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रट नम्बर एक ने आरोपी को 2 वर्ष का कारावास व 11 लाख 60 हजार रुपये के जुर्माने से दंडित किया है। परिवादी टीकमाराम पुत्र सोनाराम चौधरी ने अभियुक्त बाबुलाल पुत्र मुकनामराम धतरवाल निवासी मदर टेरेसा स्कूल के पास हाल चोखला के खिलाफ चेक अनादरण का परिवाद दर्ज करवाया था ।परिवादी की ओर से एडवोकेट संतोष कुमार भंसाली व लादूराम चौधरी ने पैरवी की। अभियुक्त की ओर से एडवोकेट रुगराम कड़वासरा ने पैरवी की।

### आजादी महोत्सव कार्यक्रम आज

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। स्थानीय भारतीय खाद्य निगम परिसर में आगामी 25 नवम्बर को आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारियों,राशन डीलरों, पीएमएसकेएवाय एवं खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थीयों व निगम सेवा सेवा निवृत अधिकारीयों व कार्मिको की उपस्थिति में किया जायेगा। यह जानकारी भारतीय खाद्य निगम के प्रबन्धनक बनवारीलाल मीणा ने दी।

### साइकिल वितरण किया

**बालोतरा,** (निसं)। राजकीय प्रवेशिका संस्कृत विद्यालय बोरावास ग्राम पंचायत तिलवाड़ा की कक्षा नौवीं एवं दसवीं की बालिकाओं को साइकिल वितरण की गई। संस्था प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया कि विद्यालय की कुल 31 छात्राओं को सरपंच कमला देवी एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में निःशुल्क साइकिल वितरण की गई। इस दौरान ग्रामीण कानाराम साई, गोविन्द राम, छगन सिंह, शैतान सिंह, उकाराम, बाबूलाल, मंगाराम, अध्यापक गोपी किशन, खेताराम, लोकेश कुमार उपस्थित रहे।

# पदक विजेता खिलाड़ियों का विजय जुलूस निकाला

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर स्थित शाह पूंजाजी गेनाजी स्टेडियम के जिला प्रशासन एवं जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र की ओर से संचालित महिला आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर राजस्थान में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर बुधवार को बहुमान किया तथा शहर में विजय जुलूस निकाला गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार खिलाड़ियों के स्वागत एवं बहुमान समारोह के मुख्य अतिथि जिला परिषद जालोर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा जालोर में प्रतिभाओं की कमी नहीं है तथा यहां खेल क्षेत्र में अत्यधिक सम्भावनाएं हैं। उन्हें अच्छा एवं कुशल बनाने के लिए प्रशिक्षण की जरूरत हैं, जो इस केन्द्र पर मिल रहा हैं। जिसका अधिकाधिक खिलाड़ी पूर्ण मनोयोग के साथ लाभ उठाएं। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी प्रेमसिंह भाटी ने खिलाड़ियों व प्रशिक्षकों को शुभकामनाए देते हुए कहा कि इन खिलाड़ियों द्वारा जिले का नाम राजस्थान में रोशन हुआ है जो जिले के लिए बड़े गर्व की बात है।

जिला खेलकूद प्रशिक्षण केन्द्र के सहप्रभारी रतनसिंह मंडलावत ने कहा कि वुशू खेल में मिल रहे पदक गोरव का विषय हैं। खेल एवं खिलाड़ियों के हित में जिला प्रशासन द्वारा मिल रहा योगदान सराहनीय है।



जालोर में राज्य स्तरीय सब जूनियर वुशू प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों का स्वागत कर जुलूस निकाला गया। फोटो–राष्ट्रदूत

आत्मरक्षा केन्द्र स्टेडियम के प्रशिक्षक प्रीतमसिंह राठौड़ ने बताया कि वुशू राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में 20 किलो में शनाया बेनिवाल, 28 किलो में इशिता चौधरी, 36 किलो में हिमानी वैष्णव, 45 किलो में निविदिता राजपुरोहित ने स्वर्ण पदक तथा 42 किलो में अदिति मंडलावत, 48 किलो में पयुना शर्मा, 52 किलोभार वर्ग में अर्पिता राजपुरोहित ने रजत पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में 20 किलो भार वर्ग में चित्रांक्ष, 28 किलो में आयुष गुप्ता, 32 किलो विहान राज सक्सेना स्वर्ण पदक प्राप्त किया तथा 24 किलोभार वर्ग में अदित्य ने रजत पदक प्राप्त किया।

खिलाड़ियों को अभिभावकों द्वारा माल्यार्पण कर शहर के स्टेडियम से आहोर चौराहा, अस्पताल चौराहा, गांधी चौक, तिलक द्वारा से मुख्य मार्गों से विजय जुलूस निकाला गया।

समारोह में अवनीश सक्सेना, विपिन गुप्ता, अरविन्दसिंह राजपुरोहित, लच्छाराम परिहार, मनीष बेनीवाल, भवानी शंकर गौड़, राजेश कुमार चौधरी, बजरंग सैन, राजकुमार, गलबाराम गर्ग, विजेश कुमार, दुष्यन्त कुमार, मुकेश, दमयन्ती वैष्णव, लता राजपुरोहित, गुंजन सक्सेना, पुनम, सुनिता लामारिया, गुड्डी गौड़, सुनिता शर्मा, गोलू सहित अनेकों खिलाड़ी मौजूद रहे।

# कारों की भिड़ंत में 2 की मौत, 3 जने घायल



आहोर के पास दयालपुरा ग्राम के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर 2 कारों की भिड़ंत के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया। फोटो–राष्ट्रदूत

**जालोर/आहोर,** (कासं)। जालोर जिले के आहोर पुलिस थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 325 पर दयालपुरा के पास मंगलवार की रात दो कारों की आमने सामने हुई जबरदस्त भिड़ंत में दो कार सवारों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग घायल हो गए। सूचना पर आहोर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को आहोर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया।

पुलिस के अनुसार आहोर क्षेत्र के दयालपुरा सरहद में मंगलवार देर रात दो कारों की आमने-सामने भिड़ंत में दो की मौत हो गई व तीन घायल हो गए। मौके पर पुलिस ने एम्बुलेंस 108 की मदद से घायलों को अस्पताल पहुंचाया। वहीं दूसरी कार में सवार लोग गाडी छोड़ मौके से भाग गए।

आहोर पुलिस के एएसआई भुराराम ने बताया कि देर रात दयालपुरा गांव के पास नेशनल हाइवे 325 पर गुजरात नम्बर की एक कार के गलत साइड में आने से सामने से आ रही कार को टक्कर मार दी। जिससे उसमें सवार शरीफ शाह (48) पुत्र रहमान शाह जाति मुसलमान निवासी गोडीजी जालोर व याकुब शाह (62) पुत्र जीवे शाह मुसलमान निवासी लालपोल जालोर की मौत हो गई। हादसे में शाहिदशाह, साबिर शाह और शहजाद शाह घायल हो गए।

घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया गया। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सुपुर्द कर दिए। मृतक के मामा के लड़के सदीक शाह ने पुलिस में रिपोर्ट दी है।

### लड़की का पाली में रिश्ता तय करने गए थे

जानकारी के अनुसार यह सभी जालोर से पाली के परिवार की लड़की का रिश्ता तय करने गए हुए थे। वहां से शाम को रवाना हुए और देर रात आहोर थाना क्षेत्र में यह हादसा हुआ। हादसे के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे।

## ग्रामदानी सीमान्त व लद्यु कृषकों के लिये चिरंजीवी योजना में पंजीकरण होगा

**आबूरोड,**(निसं)। आबूरोड के ग्रामदानी गांवों के सीमान्त व लद्यु कृषकों के लिये चिरंजीवी योजना में पंजीकरण किया जायेगा।

उपखण्ड अधिकारी आबूपर्वत अभिषेक सुराणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्रामदानी गांवों के लद्यु एवं सीमान्त कृषकों के लिये भी चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना में पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ करने के आदेश दिये गये है। जिसके तहत उपखण्ड क्षेत्र में स्थित ग्रामदानी गांवों के लद्यु एवं सीमान्त कृषकों का पंजीकरण किया जायेगा। सुराणा ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत पंजीकरण करने के लिये योजना के सॉफ्टवेयर में प्रावधान किये है। जिसके तहत मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजनान्तर्गत पंजीकरण के समय इन ग्रामदानी गांवो के लद्यु एवं सीमान्त कृषकों को स्वयं की एसएसओ आईडी अथवा ई-मित्र केन्द्र पर जाकर जमाबंदी का रिकार्ड सॉफ्टवेयर में अपलोड करना होगा। जमाबंदी का रिकार्ड अपलोड होने के बाद अपलोड की गई सूचना को संबंधित तहसीलदार प्रमाणित करेगा। ग्रामदानी गांवों के परिवार योजनान्तर्गत लद्यु एवं सीमान्त कृषकों की श्रेणी में जुड़ सकेंगे। संबंधित तहसीलदार के प्रमाणित के बाद सॉफ्टवेयर में पॉलिसी दस्तावेज का प्रिंट लिया जा सकेगा। सफल आवेदन का शुल्क, प्रीमियम जमा शुल्क एवं प्री प्रिन्टेड कागज पर पॉलिसी दस्तावेज के प्रिंट आदि शुल्क लाभार्थी परिवार द्वारा देय नहीं होगा।

## गौतमराम चौधरी ने कार्य संभाला

**पोकरण,** (निसं)। पोकरण नगर पालिका अधिशाषी अधिकारी तनुजा सोलंकी के लंबी छुट्टी पर जाने के बाद पालिका क्षेत्र के कार्य समय पर नहीं होने से राज्य सरकार ने आदेश जारी करने पर पंचायत समिति सांकडा के विकास अधिकारी गौतम राम चौधरी ने नगरपालिका पोकरण का कार्यवाहक अधिशाषी अधिकारी का कार्य भार बुघवार ग्रहण किया।

इससे पहले पंचायत समिति साकडा के विकास अधिकारी एवं कार्यवाहक पंचायत समिति भणियान के विकास अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज दिया हुआ है। वही बुधवार को नगर पालिका पोकरण के अधिशाषी अधिकारी का अतिरिक्त चार्ज सुपुर्द कर सरकार द्वारा तीन – तीन विभागों का का चार्ज दिया हुआ है।

इस अवसर पर उन्होंने प्रेस वार्ता करते हुए चौधरी ने कहा कि अधिशाषी अधिकारी सोलंकी के लंबी छुट्टी पर जाने के कारण राज्य सरकार द्वारा मुझे पालिका का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष मनीष पुरोहित से शिष्टाचार भेंट कर पदभार ग्रहण किया। विपक्ष के नेता कांग्रेस पार्षद नारायण रंगा, निर्दलीय पार्षद आईदान माली, पार्षद राजेंद्र सिह चंपावत, जितेंद्र दयाल बोहरा, भाटी लाल शर्मा, समाज सेवी नेनु खाँ, अनवर खाँ सहित कई पार्षदों ने स्वागत कर जन समस्याएं रखी। पालिका के कर्मचारियों ने स्वागत किया।

# स्काउट गाइड की वार्षिक बैठक आयोजित




स्वरूपगंज के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में स्काउड गाइड की बैठक आयोजित हुई। फोटो–राष्ट्रदूत

**स्वरूपगंज,** (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ स्वरूपगंज की वार्षिक बैठक का आयोजन बुधवार को स्थानीय विद्यालय राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्वरूपगंज में किया गया।

इस वार्षिक बैठक में मुख्य अतिथि भरत पुरोहित प्रधानाचार्य राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय तथा विशिष्ट अतिथि जनता राम मीणा प्रधानाचार्य पंच देवल, स्थानीय संघ प्रधान धन दास वैष्णव, उप प्रधान छोगालाल कुमार स्थानीय संघ स्वरूपगंज एवं अध्यक्षता प्रभारी सहायक जिला कमिश्नरी भगवानाराम मीणा ने की। अधिवेशन की शुरूआत सर्वप्रथम मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण द्वारा किया उसके पश्चात स्काउट प्रार्थना की गई। बैठक में अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर स्वागत किया गया उसके बाद बैठक में उपस्थित सभी संभागीय का स्वपरिचय किया गया।

वार्षिक बैठक में मंच संचालन ट्रेनिंग काउंसलर रमेश दहिया द्वारा किया गया। प्रताप राम प्रजापत सचिव स्थानीय संघ द्वारा वर्ष 2020 -21 का वार्षिक प्रतिवेदन एवं आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया। बैठक में भरत पुरोहित, जगदा राम मीणा, छोगालाल कुमार, धन दास वैष्णव ने स्काउट गतिविधि संबंधी जानकारी प्रदान की। इस अधिवेशन में स्थानीय संघ के ग्रुपों की कोटा मनी राशि जमा की गई तथा द्वितीय तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन संबंधी स्थान तय किए गए एवं स्काउट गतिविधि विद्यालयों में सुचारू रूप से करने संबंधी चर्चा की गई। भगवाना राम मीणा द्वारा सभी संभागीय का धन्यवाद आभार प्रकट किया एवं वार्षिक बैठक की समाप्ति की घोषणा की गई।

इस अवसर पर ट्रेनिंग काउंसलर तोलाराम, चुन्नीलाल, संयुक्त सचिव शांति देवी, स्काउट भूपेंद्र कुमार पुरोहित, रणजीत जीनगर एवं स्थानीय संघ के स्काउटर गाइडर एव स्काउट आकाश, भरत, जसपाल उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### बंदियों को सुविधाएं मिले : मीणा

**जालोर,** (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान के निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा ने बुधवार को जिला कारागृह का साप्ताहिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कारापाल को निर्देश दिये कि बंदियों को नियमानुसार मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखे। उन्होंने बंदियों से वार्तालाप कर मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कारापाल को निर्देश दिये कि कारागृह में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखे, बीमार बंदियों की नियमित जांच करवाए एवं बीमार बंदी को अन्य बंदियों से अलग कक्ष में रखे। इस दौरान उन्होंने भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मास्क का प्रयोग करने हेतु सभी को पाबंद करे। उन्होंने कहा कि जो बंदी निरक्षर है उन्हें पढ़ाने के लिए पढ़े बंदियों को प्रेरित करें। ताकि वो निरक्षर बंदियों को पढ़ना लिखना सीखा सके।

### शैक्षिक अधिवेशन स्थल का निरीक्षण

**आबूरोड,**(निसं)। राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का दो दिवसीय जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय दरबार आबूरोड़ जिला सिरोही में होगा। संगठन के प्रदेश मुख्य महामंत्री धर्मेन्द्र गहलोत एवं संभागीय महामंत्री जगदीश खंडेलवाल ने अधिवेशन की तैयारियों का जायजा लेकर अन्तिम रूप दिया। अधिवेशन संयोजक सत्यनारायण बैरवा ने बताया कि जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन संयम लोढा विधायक एवं मुख्यमंत्री सलाहकार के आतिथ्य में आयोजित होगा। अधिवेशन में प्रमुख शैक्षिक बिन्दुओं पर तत्कालीन सरकार के समय विधवा, परित्याकत्ता एवं तलाकशुदा महिला एवं प्रताड़ित शिक्षकों का एक मुश्त पूर्ववर्ती स्थान पर स्थानान्तरण करवाने, सातवें वेतन आयोग की विसंगति के लिए गठित डीसी सामन्त कमेटी की लाभकारी सिफारिशे 1 जनवरी 2016 से लागु करवाने, एकीकरण के तहत बन्द विद्यालयों को पुनः खुलवाने प्रारम्भिक शिक्षा विभाग में शहरी क्षेत्र में रिक्त पदों को भरने अंशदायी पेंशन योजना, एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन योजना लागु किये जाने, प्रयोगशाला सहायक से अध्यापक पद पर समायोजित शिक्षकों को अध्यापक के समान समस्त परिलाभ दिये जाने, अप्रशिक्षित पैराटीचर्स का मानदेय दुगुना करवाने, उप प्रधानाचार्य का नवीन कैडर बनाकर ग्रेड पे छह हजार करवाने, महात्मा गांधी विद्यालयों का नवीन कैडर बनाने, शिक्षकों को बीएलओं एवं गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्त करवाने, सहित अन्य मांगो पर चर्चा की जायेगी। अधिवेशन का जायजा लेते समय शिक्षक संयोजक सत्यनारायण बैरवा, सहसंयोजक किशोरकुमार एवं व्यवस्था कमेटी में जयकिशन, नन्दराज नन्दा, अभिमन्यु भाटी, राजेश भाटी, गणेश बामणिया, चुन्नीलाल रोहिन, हेमन्त माली, कालाराम, चतराराम, हुसैन खां, हीरालाल बारोट, प्रवीण बैरवा, महिला कमेटी में सविता बैरवा, गीता भाटी, कंचन पढिहार, सविता पंचावत, पवित्रा रारिया, सीमा रारिया, मंजु बैरवा, सीमा धारू, विजिया गुप्ता, यशवन्ती वर्मा उपस्थित हुए।

### दवा विक्रेताओं के लिए कार्यशाला हुई

**बाड़मेर,** (निसं)। राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के तहत सरकारी अस्पताल तथा आरजीएचएस योजना से जुड़े हुए निजी चिकित्सालयों में भर्ती व बाहरी रोगियों को त्वरित एवं सुगम तरीके से दवा की उपलब्ध करवाने तथा खुदरा दवा विक्रेताओं को योजना की जानकारी कराने के लिए बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। सहायक औषधि नियंत्रक मनीष अग्रवाल ने बताया कि शांतिलाल परिहार एवं राजेश कटारा औषधि नियन्त्रण अधिकारी तथा खुदरा दवा विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यशाला के दौरान राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना के बारे में सभी बिन्दुओं की विस्तृत जानकारी प्रदान कर खुदरा दवा विक्रताओं को अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। उन्होने बताया कि इस योजना के तहत वर्तमान में राजकीय चिकित्सालय के सामने स्थित फर्म हैप्पी मेडिकल स्टोर एवं पवन मेडिकल स्टोर द्वारा रजिस्ट्रेशन करवा लिया गया है तथा अन्य दवा विक्रेता भी योजना को लेकर काफी उत्साहित है।

### अपराधी पर 500 रु. का इनाम घोषित

**बाड़मेर,** (निसं)। वांछित अपराधी जमनालाल पुत्र शंकरलाल जाति जाट निवासी रूदडी पुलिस थाना कपासन जिला चित्तौड़गढ़ को बन्दी करवाने पर जिला पुलिस अधीक्षक बाड़मेर द्वारा पांच सौ रूपये का नकद ईनाम घोषित किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक दीपक भार्गव ने बताया कि एनडीपीएस एक्ट पुलिस थाना सदर बाड़मेर के प्रकरण में वांछित अपराधी जमनालाल पुत्र शंकरलाल जाति जाट निवासी रूदडी पुलिस थाना कपासन जिला चितौडगढ फरार चल रहा है जो बावजूद प्रयासों के बुधवार को दिन तक गिरफतार नहीं हुआ है। उन्होने बताया कि उक्त फरार अपराधी को बन्दी करवाने, बन्दी करने, बंदी बनाने या उसके द्वारा बंदीकरण पर विरोध किये जाने पर विधि सम्मत आवश्यक शक्ति का प्रयोग कर बन्दी बनायेगा या बंदी कराने के लिए सही सूचना देगा या बंदी करेगा या करायेगा। उसे जिला पुलिस अधीक्षक बाड़मेर द्वारा पांच सौ रूपये का नकद ईनाम दिया जाएगा तथा सूचना देने वाले का नाम पता गोपनीय रखा जाएगा।

### सरकार से लोग परेशान : जोगेश्वर

**जालोर,** (कासं)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग ने बुधवार को प्रेस नोट जारी कर बताया कि राजस्थान की कांग्रेस सरकार प्रदेश के लोगों के हितों पर कुठाराघात कर रही है। राजस्थान सरकार द्वारा की गई बिजली की दरों में बढ़ोतरी, दलित उत्पीड़न, महिला अत्याचार, बढ़ती महंगाई तथा कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह विफल रही है। विधायक गर्ग ने बताया कि यह सरकार केवल और केवल आम जनता को गुमराह कर रही है। आम जनता के हितों पर कार्य नहीं कर रही है वह केवल अपनी सत्ता बचाने के लिए मंत्रीमंडल विस्तार जैसे कार्य कर रही है। जनता का हित प्रदेश की सरकार को नहीं सूझ रहा है। ऐसी सरकार के खिलाफ सभी समस्याओं के समाधान के लिए विरोध प्रदर्शन करने होंगे।राज्य की अशोक गहलोत सरकार पर दबाव बनाकर विरोध प्रदर्शन कर आमजन को राहत दिलानी है। आम जन के हितों को लेकर ही 26 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी जालौर द्वारा जिला मुख्यालय में होने जा रहे जिला स्तरीय विरोध धरना प्रदर्शन हल्ला बोल कार्यक्रम में पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं हिस्सा लेंगे। इस दमनकारी प्रदेश सरकार के खिलाफ सभी कार्यकर्ता विरोध दर्ज कराएंगे। भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी ने भी सभी कार्यकर्ताओं से अपील की कि इस धरना प्रदर्शन में अपनी सहभागिता निभाएं।

### जसोल धाम में देव प्रतिष्ठा महोत्सव

**बालोतरा,** (निसं)। श्री राणी भटियाणी मन्दिर संस्थान द्वारा जसोल धाम में नौ दिवसीय श्रीराम कथा एवं नवनिर्मित श्री सवाईसिंहजी, श्री लालबन्नासा,श्री बायोसा, खेतलाजी व श्री भेरूजी के मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आगाज गौ माता पूजन व कन्याओं के पूजन के साथ हुआ। संस्थान प्रबंधन कमेटी सदस्य फतेहसिंह जसोल ने बताया कि देव प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत बुधवार सुबह श्री राणी रूपादे जी मन्दिर पालिया व मालाजाल स्तिथ रावल मल्लिनाथ गोशाला में श्री महंत गणेश पुरी महाराज के सानिध्य मे पंडित मनोहरलाल अवस्थी द्वारा गौ माता का पूजन करवाया गया। तथा गौशाला में गौ माता को 1 किवंटल लापसी बना कर खिलाई गई। उन्होंने बताया कि जसोल धाम के नवनिर्मित प्रांगण में नौ कन्याओ का पूजन कर नौ सौ कन्याओं को भोजन करवाया जिसके साथ प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आगाज किया गया। उन्होंने बताया प्रतिष्ठा कार्यक्रम के शुभारंभ पर आयोजित हुए पूजन व भोजन प्रसादी का लाभ समुद्रसिंहए दिलीपसिंहए कर्णसिंह भाटी व शंकरसिंह जोधा ने लिया। तथा इस दौरान ठाण् मांगूसिंह जागसा, गजेन्द्र सिंह, निर्मल लुकड़, प्रधानाचार्य शशि बालाए देवेंद्रकुमार मालीए जितेन्द्रसिंह डंडालीए चन्दनसिंह चांदेसराए मुलतान माली मौजूद रहे। रामकथा में बही जीवन दर्शन की सरिताः- जसोलधाम में विभिन्न देव प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा कार्य म के तहत नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ किया गया। कथा के प्रथम दिन कथा व्यास पंडित अभिषेक जोशी ने रामकथा का महत्व बताते हुए कहा कि मानस के श्रवण मात्र से शांति मिलती है। कलयुग के अंदर श्री राम कथा सभी भक्तों के लिए पुण्यदायी हैं। गोस्वामी तुलसीदास जी ने कलयुग में भगवत प्राप्ति का श्रेष्ठ उत्तम साधन भगवान श्री राम की कथा को बताया। भगवान शंकर ने इस कथा का प्रथम गायन किया। श्री राम कथा हमें जीना सिखाती है। उन्होंने बताया कि राम कथा निर्विवाद रूप से दर्पण है। जो आदर श्रद्धा पूर्वक इसका श्रवण चिंतन करेगा तो नौ दिन में उसे स्वयं के जीवन की त्रुटि और पतित पावन परमात्मा के कृपालु स्वभाव का अनुभव हो जाएगा। उन्होंने कहा कि रामकथा भगवान का दिव्य चरित्र होने के साथ मन की मलिनता धोने की कथा है। ये दिव्य कथा जीवन दर्शन है। संस्थान के सत्संग हाल में शुरू हुई रामकथा का प्रसारण केवल ऑनलाइन रहेगा।